# माँ अंजनी के लाल थोड़ा ध्यान दीजिए | By Rajeev Sharma |

**माँ अंजनी के लाल थोड़ा ध्यान दीजिए**
**दे ध्यान, दिन दास का कल्याण कीजिए**

रहते सदा हैं आप राम नाम में मगन
कहते लगे हैं आपको श्रीराम की लगन
कहते लगे हैं आपको श्रीराम की लगन
हमको भी भाव भक्ति का वरदान दीजिए
**दे ध्यान, दिन दास का कल्याण कीजिए**

पैरों में बाँध घुँघरू, करताल हाथ ले
कीर्तन में आप नाचते भक्तों को साथ ले
कीर्तन में आप नाचते भक्तों को साथ ले
हमको भी एक बार अपने साथ लीजिए
**दे ध्यान, दिन दास का कल्याण कीजिए**

सेवा करूँगा आपका, गुणगान करूँगा
मैं आपके आराध्य का भी ध्यान धरूँगा
मैं आपके आराध्य का भी ध्यान धरूँगा
नंदू करूँ भजन, हमें स्वर-ताल दीजिए
**दे ध्यान, दिन दास का कल्याण कीजिए**

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a4%be%e0%a4%81-%e0%a4%85%e0%a4%82%e0%a4%9c%e0%a4%a8%e0%a5%80-%e0%a4%95%e0%a5%87-%e0%a4%b2%e0%a4%be%e0%a4%b2-%e0%a4%a5%e0%a5%8b%e0%a4%a1%e0%a4%bc%e0%a4%be-%e0%a4%a7%e0%a5%8d%e0%a4%af-2/